SA-02

June - Examination 2016

B.A. Pt. I Examination

भारतीय संस्कृति के तत्त्व, पद्य साहित्य, अनुवाद एवं व्याकरण

Paper - SA-02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्न के अनुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिये। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) तीन ऋणों के नाम बताइये।

(ii) नास्तिक दर्शन कौन से हैं? नाम बताइए।

(iii) संयोगसंज्ञा विधायक सूत्र लिखिए।

(iv) लृट्लकार का प्रयोग किस अर्थ में किया जाता है?

(v) ब्रह्मसूत्र के रचयिता का नाम बताइए।

(vi) दृश् धातु, लृट् लकार, प्रथम पुरुष एकवचन तथा उत्तम पुरुष बहुवचन के रुप लिखिए।

(vii) अर्थशास्त्र मुख्य रुप से किस विषय की विवेचना करता है?

(viii) नम: के योग में किस विभक्ति का प्रयोग किया जाता है?

(ix) दो स्मृतिकारों के नाम बताइये।

(x) मति शब्द षष्ठी विभक्ति में रुप लिखिए।

(खण्ड – ब) **4 × 10 = 40**

(लघु उत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) किसी एक श्लोक की हिन्दी में सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) द्विषां विघाताय विधातुमिच्छतो
रहस्यनुज्ञामधिगम्य भूभृत:।
स सौष्ठवौदार्यविशेषशालिनीं
विनिश्चितार्थामिति वाचमाददे।

(ii) भवन्तमेतर्हि मनस्विगार्हिते
विवर्तमानं नरदेववर्त्मनि।
कथं न मन्युर्ज्वलयव्युदीरित:
शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिख:।

3) चारों वर्णों का सामान्य परिचय दीजिए।

4) दो सूक्तियों की हिन्दी में सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिण:।

(ii) गुणानुरोधेन विना न सत्क्रिया।

(iii) भवन्ति ते मूढधिय: पराभवं, भवन्ति मायाविषु ये न मायिन:।

(iv) अमर्षशून्येन जनस्य जन्तुना, न जातहार्देन न विद्विषादर:।

5) निम्नलिखित सूत्रों की व्याख्या कीजिए।

(i) वृध्दिरेचि

(ii) मोऽनुस्वार:

6) निम्नलिखित सूत्रों की व्याख्या कीजिए।

(i) तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्

(ii) मुखनासिकावचनोऽनुनासिक:

7) किन्हीं दो शब्दों के रूप लिखिए।

(i) वारि (समस्त विभक्ति)

(ii) भानु (समस्त विभक्ति)

(iii) नदी (समस्त विभक्ति)

(iv) अस्मद् (समस्त विभक्ति)

8) किन्हीं दो धातुओं के रूप लिखिए।

(i) नम् धातु, लट् लकार

(ii) सेव् धातु, लोट्लकार

(iii) गम् धातु, लङ्लकार

(iv) भू धातु, लृट् लकार

9) सूत्रोल्लेखपूर्वक किन्हीं दो पदों का प्रकृति प्रत्यय विभाजन कीजिए।

(i) आगत्य

(ii) नत्वा

(iii) कार्यम्

(iv) पश्यन्

(खण्ड – स) **2 × 20 = 40**

(दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश: किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) विवाह संस्कार क्या है? विवाह के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

11) 'भारवेरर्थगौरम्' उक्ति की, ''किरातार्जुनीयम्'' के प्रथम सर्ग से उदाहरण देते हुए व्याख्या कीजिए।

12) प्रमुख भारतीय गणितज्ञों का परिचय देते हुए बताइये कि गणित के क्षेत्र में भारत की प्रमुख देन क्या है?

13) किन्हीं दस वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

(i) घर के दोनों ओर वाटिका है।

(ii) छात्र विद्यालय जा रहा है।

(iii) भिक्षुक आँख से काना है।

(iv) गुरु को नमस्कार है।

(v) बालक को खिलौना अच्छा लगता है।

(vi) घुड़सवार घोड़े से गिर गया।

(vii) वाल्मीकि रामायण के लेखक हैं।

(viii) पक्षियों में कौआ सबसे चतुर होता है।

(ix) परिश्रम के बिना सफलता नहीं मिलती।

(x) गंगा हिमालय से निकलती है।

(xi) राम ने बाण से बालि को मारा।

(xii) गुरु छात्रों से प्रश्न पूछता है।

(xiii) देशद्रोही को धिक्कार है।

(xiv) मोहन दिल्ली जाएगा।

(xv) साहित्य समाज का दर्पण है।